भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3028

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

शिर्डी में राजमार्ग खंड को चौड़ा करना

3028. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र में शिर्डी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सावलीविहिर से भरवा तक फैला राज्य राजमार्ग संख्या 7, जिसका निर्माण कार्य 2014 में आरम्भ हुआ, अभी भी अधूरा है और देर्डे फाटा से लासलगांव तक का खंड चौड़ा नहीं किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप विशेषकर मानसून के मौसम में बैलगाड़ियों और ट्रकों के कारण भारी जाम लगता है जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देर्डे फाटा से कोलपेवाड़ी तक सड़क को चौड़ा करने और इसे निकटवर्ती चीनी के कारखाने तक विस्तारित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में जन प्रतिनिधियों से कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास एवं अनुरक्षण से संबंधित है। सावलीविहिर से देर्डे फाटा तक के खंड को एनएच-160 घोषित कर दिया गया है और इस खंड का विकास कार्य चल रहा है और इसका निर्माण कार्य जून 2026 में पूरा होने की अपेक्षा है।

शेष देर्डे फाटा - भरवास - लासलगांव खंड एक राज्यीय सड़क है, जिसका विकास और अनुरक्षण महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देर्डे फाटा से मढ़ी (कोलपेवाड़ी के पास) खंड को छोड़कर इस खंड पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है और दिसंबर 2026 तक पूरा होना अपेक्षित है।

(ख) से (घ) सरकार को जन प्रतिनिधियों से राज्य सड़क के इस खंड के उन्नयन के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं और इसे आगे की कार्रवाई के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार को अग्रेषित कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस खंड के उन्नयन को राज्य के बजट कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने के लिए चिन्हित किया गया है।

*****